सं.16015/1/2022-पीएमआई

भारत सरकार

रसायन और उर्वरक मंत्रालय

उर्वरक विभाग

*****

शास्त्री भवन, नई दिल्ली

दिनांक:17 दिसंबर, 2024

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय: मंत्रिमंडल के लिए माह नवंबर, 2024 के मासिक सार के संबंध में।**

अधोहस्ताक्षरी को उर्वरक विभाग का माह नवंबर, 2024 का मासिक सार एतदद्वारा सूचनार्थ परिचालित करने का निदेश हुआ है।

2. इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

अशोक कु. सिंह 17/12/24

(अशोक कुमार सिंह)

सहायक निदेशक (पीएमआई)

दूरभाष: 011-23389578

सेवा में,

1. मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य

प्रतिलिपि:

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव।
2. निदेशक, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110004
3. सचिव (उर्वरक) के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव।
4. अनुभाग अधिकारी (आईटी) को उर्वरक विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।

**विषय: उर्वरक विभाग का माह नवंबर, 2024 का मासिक सार।**

**1. माह के दौरान समग्र उत्पादन निष्पादन:**

(आंकड़े 'लाख मी.टन' में)

| उत्पाद का नाम | माह के दौरान उत्पादन | इस माह तक संचयी उत्पादन |
|---|---|---|
| यूरिया | 26.21 | 205.21 |
| डीएपी | 3.23 | 28.26 |
| अमोनियम सल्फेट (ए/एस) | 0.73 | 4.78 |
| मिश्रित उर्वरक | 9.03 | 71.57 |
| सिंगल सुपर फॉस्फेट | 4.83 | 36.59 |

स्रोत: dbtfert.nic.in 05.12.2024 की स्थिति के अनुसार

**2. माह के दौरान उर्वरकों की आकलित आवश्यकता, उपलब्धता और बिक्री:**

(आंकड़े 'लाख मी.टन' में)

| उत्पाद का नाम | आकलित आवश्यकता | उपलब्धता | बिक्री |
|---|---|---|---|
| यूरिया | 40.78 | 100.04 | 35.84 |
| डीएपी | 16.14 | 25.68 | 16.34 |
| एमओपी | 2.66 | 11.02 | 2.63 |
| एनपीके | 17.28 | 42.27 | 17.23 |

आंकड़ों का स्रोत डैशबोर्ड है।

**3. माह के दौरान आयातित तैयार उर्वरकों का ब्यौरा:**

| उत्पाद का नाम | मात्रा 'लाख मी.टन' में |
|---|---|
| यूरिया | 7.79 |
| कृषि उपयोग हेतु एमओपी | 4.81 |
| डीएपी | 8.04 |
| एनपीके | 0.87 |

**4. नवंबर, 2024 के दौरान तालचेर उर्वरक परियोजना की वृद्धिशील प्रगति:**

i. 30 नवंबर, 2024 की स्थिति के अनुसार परियोजना की समग्र प्रगति 64.12% है तथा ओएसबीएल पैकेज (कोयला गैसीकरण तथा अमोनिया यूरिया के अलावा) की प्रगति 74.98% है।

ii. जैसा कि सुझाव दिया गया था, टीएफएल को मैसर्स डब्ल्यूईसीएल के साथ संविदात्मक खंडों के साथ-साथ टीएफएल की वास्तविक स्थिति के संबंध में विस्तृत कानूनी राय की रिपोर्ट प्राप्त हुई है, जिसमें अनुबंध की शर्तों, परियोजना की वर्तमान स्थिति, सरकारी दिशानिर्देशों और लागू कानूनों जैसे सभी पहलुओं को ध्यान में रखा गया है। भविष्य में की जाने वाली कार्रवाई को निर्धारित करने के लिए टीएफएल के शीर्ष प्रबंधन और जेवी प्रमोटरों द्वारा इसकी समीक्षा की जा रही है।

**5. व्यय की स्थिति:**

वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कुल उपलब्ध बजट अनुमान 168130.81 करोड़ रुपये की तुलना में नवंबर 2024 के दौरान उर्वरक सब्सिडी प्रदान करने पर व्यय 19028.83 करोड़ रुपये (यूरिया: 12923.89 करोड़ रुपये, पीएंडके: 6100.15 करोड़ रुपये, स्थापना: 3.13 करोड़ रुपये, गोबरधन के लिए एमडीए: 1.11 करोड़ रुपये, डीबीटी 0.46 करोड़ रूपए, पूंजीगत व्यय 0.09 करोड़ रुपये) था। अप्रैल 2024 से नवंबर, 2024 के दौरान प्रगतिशील व्यय 123881.84 करोड़ रुपये (यूरिया: 86560.29 करोड़ रुपये, पीएंडके: 37273.35 करोड़ रुपये, स्थापना: 29.06 करोड़ रुपये, डीबीटी: 5.16 करोड़ रुपये, पूंजीगत व्यय: 0.66 करोड़ रुपये और गोबरधन के लिए एमडीए: 12.74 करोड़ रुपये और आरएण्डडी 0.58 करोड़ रुपये) अर्थात कुल आबंटन का लगभग <u>73.68%</u> था।